दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्राम पंचायत सचिव डिलेश्वर पटेल निलंबित

**रायगढ़** । जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल ने जनपद पंचायत पुसौर ग्राम पंचायत गोर्रा के पंचायत सचिव डिलेश्वर पटेल को जनपद स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने, ग्राम पंचायत के कार्यों में रूचि नहीं लेने एवं उच्चाधिकारियों के आदेश एवं निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत पुसौर निर्धारित किया जाता है।

### कोविड-19 एवं बाढ़ आपदा राहत से संबंधित दूरभाष पर कार्य करने हेतु नगर सेना के सैनिकों की लगी ड्यूटी

**रायगढ़** । कलेक्टोरेट भवन रायगढ़ के जिला स्तरीय नोवेल कोरोना वायरस कक्ष क्रमांक 19 में स्थापित दूरभाष नंबर 07762-223750 में तीन पालियों में 24 घंटे खुले रखकर जिला सेनानी नगर सेना रायगढ़ के सैनिकों की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त सैनिकों की ड्यूटी में आंशिक संशोधन करते हुए कोविड-19 के साथ-साथ बाढ़ आपदा राहत से संबंधित दूरभाष पर कार्य करने के लिये माह जून 2021 से आगामी आदेश पर्यन्त तक ड्यूटी लगाई गई है। माह जून के 01 से 10 तारीख तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक जीवन लाल जांगड़े एवं नरसिंह भगत, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक रामाधीन श्रीवास एवं झाड़ूराम चन्द्रा एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे जनेकिशन तथा केशव यादव की ड्यूटी लगाई गई है। माह जून के 11 से 20 तारीख तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक रामाधीन श्रीवास एवं झाड़ूराम चन्द्रा, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक जनेकिशन तथा केशव यादव तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक जीवन लाल जांगड़े एवं नरसिंह भगत की ड्यूटी लगाई गई है। माह जून के 21 से माह के अंतिम तारीख तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनेकिशन तथा केशव यादव, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक जीवन लाल जांगड़े एवं नरसिंह भगत तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक रामाधीन श्रीवास एवं झाड़ूराम चन्द्रा की ड्यूटी लगाई गई है।

### मोबाइल वेरिफिकेशन का दिख रहा असर, अनट्रेसड नंबर्स हो रहे जीरो

**❍ कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर शुरू की गयी है व्यवस्था**

**रायगढ़** । कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों के बीच अनट्रेस केसेस को ट्रैक करना जिला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती रहा है। अनट्रेस केस उन्हें कहा जाता है जो टेस्टिंग के दौरान गलत मोबाइल नंबर या जो चालू नही हैं ऐसे नंबर दे दिया करते थे। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद ऐसे लोगों को खोजने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती रही है। कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर अनट्रेसेस केसेस की संख्या घटा कर शून्य करने के लिए एक पृथक व्यवस्था शुरू की गई। जिसके तहत टेस्टिंग सेंटर में सैंपल देने के दौरान ही संबंधित व्यक्ति की मोबाइल नंबर और कांटेक्ट डिटेल वेरीफाई कर लिया जाता है। नंबर गलत हो या बंद हो तो चालू और सही नंबर की जानकारी ली जाती है तथा इसकी एंट्री सैंपल लेने के दौरान कर ली जाती है। यह व्यवस्था जिले के सभी टेस्टिंग सेंटर्स में शुरू की गयी है। इसके बाद यदि संबंधित व्यक्ति पॉजिटिव आता है तो उसके नंबर पर तत्काल संपर्क कर होम आईसोलेशन या हॉस्पिटल शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। इसका फायदा यह हो रहा है कि पॉजिटिव आये व्यक्तियों की रिपोर्ट मिलने के बाद तुरंत पहचान कर आईसोलेट किया जा रहा है जिससे संबंधित व्यक्ति का समय से इलाज शुरू हो और संक्रमण को आगे बढ़ने से रोका जा सके। मोबाइल नंबर वेरीफिकेशन का काम जिले के सभी टेस्टिंग सेंटर में किया जा रहा है। इसके लिये अलग से शिक्षकों की ड्यूटी टेस्टिंग सेंटर में लगाई गई है। प्रतिदिन इसकी रिपोर्टिंग भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार 20 मई को जिले के टेस्टिंग सेंटर्स में कुल 1303 कोविड टेस्ट कराये गये है। टेस्टिंग के दौरान सभी के फोन नंबर को वेरीफाई किया गया। जिसमें से 8 लोगों के नंबर गलत मिले जिसको सुधरवाकर सही नंबर एन्ट्री करवायी गई। इस प्रकार सभी 1303 लोगों के सही कांटेक्ट नंबर की एन्ट्री की गई। जिससे अन्ट्रेस नंबर शून्य रहा। इसी प्रकार 19 मई को 1325 सेम्पलों का परीक्षण किया गया। जिसमें 8 व्यक्तियों के मोबाईल नंबर सुधरवाकर तथा स्वयं का नंबर नहीं होने पर परिचित का नंबर लेकर उसे वेरीफाई कर दर्ज किया गया। जिससे उस दिन भी अन्ट्रेस केसेस शून्य रहा।

# एसपी संतोष सिंह के रडार में ठगबाज बंटी साहू, होगी कड़ी कार्रवाई

## आरोपी पर धोखाधड़ी, मारपीट, बिजली चोरी सहित 34 मामले केवल जूटमिल में हैं दर्ज

**» आरोपी का जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में जिला बदर का मामला है लंबित**

**रायगढ़।** जिले के लिये नासूर बन चुके ठगबाज बंटी उर्फ रावण साहू पर एसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देशन पर जूटमिल पुलिस कड़ी कार्यवाही करने की तैयारी में है। ज्ञात हो छातामुड़ा नाका एफसीआई गोदाम के पास रावण ऑटो का संचालन करने वाला बंटी उर्फ रावण साहू वर्ष 2008 से लोगों को ठगी का शिकार बना रहा है। आरोपी अपनी लुभावन बातों में लोगों से रूपये उधार लेकर रूपये नहीं लौटाता, कम कीमत में मोटर सायकल, छड, सिमेन्ट की बिक्री करने के नाम पर लोगों से ठगी किया है, ऐसे 23 मामले धारा 420 ताहि के जूटमिल में दर्ज है। इसी क्रम में आरोपी के गैरेज में नकली मोबिल की बिक्री की शिकायत पर पुलिस दबिश देकर नकली मोबिल जप्त किया गया था। आरोपी पर धोखाधड़ी सहित मारपीट, बिजली चोरी व प्रतिबंधक धाराओं के कुल 34 मामले केवल जूटमिल पुलिस चौकी में दर्ज हैं। आरोपी के अपराध में सक्रियता को देखते हुये जूटमिल पुलिस द्वारा 04 बार 110 सीआरपीसी की भी कार्यवाही की गई तथा वर्ष 2017 में आरोपी को जिला बदर करने जूटमिल पुलिस द्वारा जिला दंडाधिकारी रायगढ़ के न्यायालय में फाइल तैयार कर भेजी गई है, जहां प्रकरण विचाराधीन है। जूटमिल पुलिस द्वारा लगातार आरोपी पर शिकंजा कसा रहा



था जिस कारण आरोपी अब आसपास के जिलों में अपना शिकार तलाश कर रहा था। जानकारी मिली है कि आरोपी बंटी साहू जिला कबीरधाम के पंडातराई थानाक्षेत्र में भी एक व्यक्ति को सस्ती कीमत पर छड़ सीमेंट मुहैया कराने के नाम पर 2 लाख रूपये की ठगी किया है और इसी तरह जिला जांजगीर-चाम्पा के तीन व्यक्तियों के साथ इस साल जूटमिल क्षेत्र में रूपयों का लेन देने किया जिस संबंध में माह अप्रैल में शिकायतकर्ताओं द्वारा लिखित आवेदन चौकी जूटमिल में प्रस्तुत किया गया।

दिनांक 07/04/2021 को जूटमिल पुलिस चौकी में जिला जांजगीर-चाम्पा के तीन इन तीन आवेदक (1) उत्तम लाल चंद्रा पिता धनीराम चंद्रा (55 साल) निवासी हरदीडीह थाना डभरा जिला जांजगीर चांपा (2) मोहन लाल पिता फिरतुराम निषाद ग्राम चुराघांठा जिला जांजगीर चांपा (3) मनोज कुमार अंचल पिता तुलाराम अंचल उम्र 25 साल साकिन बासीन थाना डभरा जिला जांजगीर चांपा द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया। आरोपी इनके साथ क्रमशः 2 लाख, 1,82,000 रूपये हजार एवं 1,95,500 रूपये की ठगी किया है। चौकी जूटमिल में अरोपी बंटी साहू पर क्रमशः अप.क्र. 530, 531, 532/2021 धारा 420 भादवि का अपराध दर्ज किया गया है। अप.क्र. 532/2021 में आरोपी के साथ जूटमिल के नवीन दास को भी सह आरोपी बनाया गया है, जो फरार है।

घटना के बाद से आरोपी भूमिगत हो गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी के मिलने के सभी सम्भावित स्थानों पर दबिश देने के निर्देश चौकी प्रभारी अमित शुक्ला को दिये गये जिस पर उन्होंने आरोपी के दुर्ग, रायपुर में होने की सूचना पर चौकी स्टाफ भेजकर तस्दीक कराया गया था। कुछ दिनों पूर्व टीआई जूटमिल को आरोपी बंटी साहू के कबीरधाम में होने की सूचना पर जूटमिल स्टाफ को कबीरधाम रवाना किये, जहां से आरोपी को पकड़कर लाया गया है। जूटमिल पुलिस आरोपी बंटी साहू उर्फ रावण पिता संतराम साहू उम्र 32 वर्ष निवासी छातामुड़ा नाका एफसीआई गोदाम के पास चौकी जूटमिल थाना कोतवाली को अप.क्र. 531 एवं 532/2021 धारा 420 भादवि में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

ठगबाज पर कड़ी कार्यवाही के लिये उसके अपराधिक रिकार्ड सहित चालान न्यायालय पेश किया जावेगा। एसपी संतोष कुमार सिंह द्वारा चौकी प्रभारी अमित शुक्ला को जिला बदर की कार्यवाही की जानकारी लेकर शीघ्र अवगत कराने निर्देशित किया गया है, सम्भावना है कि आरोपी पर जल्द जिला बदर की कार्यवाही होगी।

## पलगड़ा फारेस्ट बेरियर के पास बाइक में शराब ले जा रहा युवक गिरफ्तार

**» बाइक व 10 लीटर महुआ शराब जब्त**

**रायगढ़।** गुरुवार को सुबह थाना खरसिया के प्रधान आरक्षक लक्ष्मी राठौर और आरक्षक किशोर राठौर पेट्रोलिंग पर थे। ग्राम बोतल्दा में प्रधान आरक्षक को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि एक व्यक्ति स्प्लेंडर मोटर सायकल में सवार होकर ग्राम बरगढ, सरवानी तरफ से अवैध शराब लेकर सक्ती तरफ जाने वाला है। सूचना के आधार पर पेट्रोलिंग पार्टी ग्राम पलगड़ा के फारेस्ट बेरियर के पास नाकाबंदी कर मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी11 एक्यू 7083 में सवार व्यक्ति को रोके जिसके काला रंग के बैग के अंदर दो नग 5 लीटर वाली प्लास्टिक जरिकेन में कुल 10 लीटर महुआ शराब हाथ भट्ठी का बना बरामद हुआ। पूछताछ में युवक अपना नाम संदीप दास उर्फ शनि दास महंत पिता दिलीप



दास उम्र 21 वर्ष निवासी लोहारपारा सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा को विधिवत गिरफ्तार कर मय माल मुल्जिम थाना लाया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना खरसिया में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## कोविड प्रोटोकाल की अनदेखी कर प्लांट जाने निकले दर्जनों व्यक्तियों को थाना कोतवाली लाया गया

**» मामले में जिंदल, एनटीपीसी व अन्य कम्पनियों के एचओडी, साईड इचार्ज पर एफआईआर, अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई**

**रायगढ़।** कोरोना की दूसरी लहर में प्रभावशील लॉकडाउन में जिला प्रशासन की गाइडलाइन के विपरीत किसी भी प्रकार की गतिविधियों पर पुलिस नरमी नहीं बरत रही है। एसपी संतोष सिंह द्वारा वर्चुअल क्राईम मीटिंग में प्रभारियों को न केवल दुकानों बल्कि प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के विपरीत हो रहे हर कार्यों पर नजर रख कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये थे, निर्देशों के पालन में आज सुबह सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर द्वारा हमराह स्टाफ शहर



के विभिन्न चौक चौराहों में सघन जांच किया गया। इस दौरान बिना मास्क एवं बेवजह घुमने फिरने वालों पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही दौरान जिंदल स्टिल एवं पावर लिमिटेड पतरापाली एवं एनटीपीसी लारा एवं अन्य कंपनीयों के कर्मचारी लॉकडाउन दौरान घर से प्लांट ड्यूटी में जाने निकले थे। उन्हें पेट्रोलिंग वाहन में बिठाकर थाने लाया गया। इसके पूर्व थाना प्रभारी नागर द्वारा प्लांट प्रबधंको एवं उनके कर्मचारियों को जिला प्रशासन की गाइडलाइन से अवगत कराये थे जिसके अनुसार लाक डाउन अवधि में कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम के लिए कर्मचारियों एवं अधिकारियों की प्लांट के अंदर ही रहने की व्यवस्था की जाये अथवा प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर वाहनों में उनके कर्मचारियों का आवगमन की व्यवस्था की जाये परंतु प्लांट के प्रबंधन द्वारा शासन के नियमों की अवहेलना करते हुये अपने कर्मचारियों को घर से प्लांट आने जाने की सुविधा दी गई। मौके पर मिले सभी प्लांटकर्मियों ने इसी तरह की जानकारियों दिये, जिस पर संबंधित कम्पनी जिंदल स्टील एवं पावर लिमिटेड के डिपार्टमेंट के एचओडी अनिल प्रजापति तथा साईड इंचार्ज विवेक वर्मा, इनवाईस सेक्सन के इंचार्ज विजय प्रकाश पाठक व एचओडी सुनिल बहती एवं एनटीपीसी लारा के एचओडी अभिनव दत्ता व के.एन. राव, इन्ड एनर्जी लिमिटेड कोटमार के एचओडी जहांगीर आलम तथा अन्य प्लांट के कई एचओडी एवं साईड इचार्ज के विरूद्ध थाना कोतवाली में जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना करने पर महामारी फैलाने की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है जल्द ही प्लांट के अन्य जिम्मेदार अधिकारीयों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड रोकथाम की तैयारियों पर की कलेक्टरों से चर्चा, कलेक्टर भीम सिंह हुए शामिल

**रायगढ़** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोरोना के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए छत्तीसगढ़ के पांच जिले के कलेक्टरों सहित देश के 60 जिलों के कलेक्टरों से वर्चुअल माध्यम से चर्चा की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इस बैठक में शामिल हुए। इसके अलावा राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी चर्चा में हिस्सा लिया।

इस चर्चा में रायगढ़ कलेक्टर भीम सिंह शामिल हुए। उनके साथ एडीएम राजेन्द्र कटारा, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केसरी व नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय भी शामिल हुए। इसके साथ ही बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर





चाम्पा व बलौदा बाजार के कलेक्टर्स भी बैठक में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री से हुई वीडियो कान्फ्रेसिंग के बाद कलेक्टर भीम सिंह ने मिडिया से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने जिलो में जारी कोरोना रोकथाम और उन्मूलन के सम्बंध में विस्तार से चर्चा करते हुए सभी को कोरोना उन्मूलन के लगातार प्रयास करते रहने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में लगातार जिले को कोरोना मुक्त करने के लिए तेजी से काम कर रहा है।

कलेक्टर सिंह ने बताया कि जिला स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल के साथ कोरोना की आने वाली लहर के लिए आवश्यक तैयारी की बात भी कही गयी। कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। ऑक्सीजन और आईसीयू बेड बढ़ाये जा रहे हैं। टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक कर व्यापक स्तर पर टीकाकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। शहरों और गांवों के लिए पृथक रणनीति पर काम हो रहा है। जहां अधिक केस हैं और जहां बिल्कुल केसेस नही है उनकी पहचान कर उसकी केस स्टडी तैयार की जा रही है। ताकि अधिक प्रभावी तरीके से कोरोना संक्रमण की रोकथाम की जा सके।

## कोविड-19 से बचाव एवं टीकाकरण के प्रति लोगों में जागरूकता लायेंगे जिले के शिक्षक, टीम का हुआ गठन

**रायगढ़** । कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में जिले में कोविड-19 से बचाव एवं टीकाकरण के प्रति लोगों में जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार हेतु टीम का गठन किया गया है। जिसमें दल के सदस्य प्रत्येक नगर व गांव में प्रचार-प्रसार करते हुए भ्रामक भ्रांतियों को दूर करने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य संपन्न करेंगे।

जिला स्तर पर गठित टीम में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल को मार्गदर्शक, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य को नोडल अधिकारी, एपीसी समग्र शिक्षा रायगढ़ सहायक नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा भूपेंद्र कुमार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी तथा विकासखंड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगरीय निकाय, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा सहायक नोडल अधिकारी होंगे। वहीं संकुल स्तर पर संकुल प्राचार्य नोडल अधिकारी, संकुल शैक्षिक समन्वयक, सहायक नोडल अधिकारी, सचिव ग्राम पंचायत, संकुल स्तर पर सक्रिय 03 शिक्षकों का चयन संकुल प्राचार्य करेंगे, जो संकुल के प्रत्येक गांव में जन जागरूकता का कार्य करेंगे। विभिन्न स्तरों की गठित टीम के कार्यों में कोविड-19 के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना, कोविड-19 के प्रति लोगों में भ्रांतियों को दूर करना, टीकाकरण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना, शत-प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण कराना, संभावित तीसरी लहर के पूर्व बचाव हेतु जन जागरण बढ़ाना शामिल है। इस हेतु कार्य योजना में जिले स्तर से वर्चुअल मीटिंग विकासखंड वार आयोजित किया जाना, सोशल मीडिया के माध्यम से ऑडियो-वीडियो व पीडीएफ साझा करना, विकासखंड स्तर से वर्चुअल मीटिंग संकुल वार आयोजित करना, संकुल स्तरीय टीम को कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए ग्राम स्तर पर लोगों के बीच जाकर प्रचार प्रसार करना, ऐसे गांव या बसाहट में जहां टीकाकरण के प्रति रुझान कम है, वहां विशेष प्रयास करना आदि शामिल है।

## पढ़ई तुंहर दुआर : सहायक संचालक स्वर्णकार चुने गए हमारे नायक

**रायगढ़** । स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना पढ़ई तुंहर दुआर में रायगढ़ जिले से सहायक संचालक शिक्षा कमल किशोर स्वर्णकार एवं शिक्षक पवन कुमार नाग हमारे नायक चुने गए। कोरोना काल ने जैसे ही विकराल रूप लेना प्रारंभ किया, तब से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कुछ नई शुरुआत करने की तैयारी होने लगी थी। मुख्य सचिव डॉ.आलोक शुक्ला के मार्गदर्शन में डिजिटल शिक्षा की नींव रखी गई। एनआईसी द्वारा तैयार पढ़ई तुंहर दुआर के माध्यम से सभी सरकारी स्कूल के शिक्षक तथा विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन पढ़ाई को प्रारंभ किया गया।

रायगढ़ जिले में ऑनलाइन पढ़ाई की व्यापक शुरुआत हुई। जिले के सभी शिक्षक ऑनलाइन कक्षाओं के



माध्यम से बच्चों को पढ़ाना प्रारंभ किए। रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ राज्य में सर्वाधिक विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षा में शामिल करने में अव्वल रहा। ऑनलाइन पढ़ाई व मोहल्ला कक्षा में पढ़ रहे बच्चों के सीखने के प्रतिफल प्राप्त करने के अंतर्गत क्षमता विकास के लिए समग्र शिक्षा के द्वारा अभ्यास पुस्तिका में पहुंचाई गई। इसका उद्देश्य उनके समझ के विकास को विकसित करना रहा। विकास खंड में अभ्यास पुस्तकों का वितरण कराया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को घर पर रहकर सिखाने का प्रयास करना था। सभी अधिकारियों तथा शिक्षकों से पुस्तकों में कार्य करने हेतु चर्चा उपरांत इसका सबसे अच्छा प्रयोग विकासखंड बरमकेला प्राथमिक शाला बार डीपापारा, पुसौर विकासखंड से प्राथमिक शाला शंकर पाली, रायगढ़ विकासखंड से प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला ललित प्राथमिक तथा कोतरा में हुआ। जहां अभ्यास पुस्तिका के साथ-साथ कहानी पुस्तिका के पठन जैसे कार्य उदाहरण साबित हुए। मोहल्ला कक्षा के संचालन में भी जिले में इतिहास रचा। कोरोना काल में जहां लोग घर से निकलने के लिए डर रहे थे वहां पर शिक्षकों की धैर्यता व आपसी तालमेल से अनेक गांव में मोहल्ला कक्षाओं को प्रारंभ कर बेहतर संचालित किया गया। जिसमें वॉलिंटियर शिक्षा साथियों का भी भरपूर सहयोग मिला। जिले में सीख कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही ऑडियो वीडियो व्हाट्सएप के माध्यम से, वॉलिंटियर के माध्यम से, गतिविधियों के संचालन द्वारा शिक्षा की निरंतरता को बनाए रखा गया। सहायक शिक्षा सामग्री के उपयोग एवं प्रिंटरिच गांव के निर्माण में भी रायगढ़ विकास खंड अग्रणी रहा।

**❒ क्या कहते हैं सहायक संचालक शिक्षा के.के. स्वर्णकार-** कोरोना काल में जहां लोग परेशान थे। वहीं एक नई उपलब्धि के रूप में हम सभी को ऑनलाइन के माध्यम से विद्यार्थियों से जुड़कर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ, यह हमारे शिक्षा जगत के लिए अविस्मरणीय पल है। कलेक्टर भीम सिंह के कुशल मार्गदर्शन व जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी आदित्य के निर्देशन में इस माध्यम से घर में रहकर भी उन सारी गतिविधियों को कर सकना जो हम स्कूल में करते हैं, हमारे जिले का यह अथक प्रयास व सफलता किसी उपलब्धि से कम नहीं है। विषय शिक्षकों की कमी के बावजूद इसके माध्यम से विषयवार शिक्षकों को चिन्हित कर सारे विद्यार्थी तक विषय आधारित शिक्षण कराने में भी हम सफल रहे। स्कूल शिक्षा विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना पढ़ई तुंहर दुआर का हिस्सा बनकर अपने कर्तव्य का शत-प्रतिशत निर्वहन किया, खुद को गौरवान्वित महसूस करता हूं और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मेरे प्रयासों को और मुझे हमारे नायक चुने जाने पर मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480